प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा को लेकर सभी राज्यों को मॉक ड्रिल के जरिये आपदा प्रबंधन जांचने के दिए निर्देश, झारखंड के रांची समेत पांच जिलों के छह जगहों में कल होगा अभ्यास।
- रांची में संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम हमले को लेकर केंद्र की खुफिया एजेंसी को बताया नाकाम, भाजपा ने किया पलटवार।
- राज्य के सभी पुराने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का होगा कायाकल्प, अपर मुख्य सचिव ने रिम्स समेत सभी संस्थानों को तीन दिन में कार्रवाई का दिया निर्देश
- अलकतरा घोटाले में पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच अभियुक्तों को हाईकोर्ट से मिली अस्थायी जमानत, हाईकोर्ट ने जुर्माना जमा करने का दिया निर्देश।
- लातेहार पुलिस ने भाकपा माओवादी के पांच सहयोगी को किया गिरफ्तार, वहीं जामताड़ा में 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार।

******************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

झारखंड में रांची, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, साहिबगंज और गोमिया क्षेत्र शामिल हैं जहां कल मॉक ड्रिल किया जाएगा। यह निर्णय पहलगाम हमलों और पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बाद लिया गया है।

******************

रांची में कल मॉक ड्रिल में एयर रेड की स्थिति में पूरी तरह ब्लैकआउट और ट्रैफिक रोकने जैसी प्रक्रियाएं अपनाई जाएंगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि कैबिनेट बैठक के बावजूद यह अभ्यास निर्धारित समय पर होगा और लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है। मॉक ड्रिल के दौरान आपात सेवाएं जैसे एंबुलेंस और ट्रॉमा सेंटर की भी व्यवस्था की गई है।

इधर साहिबगंज जिला में मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट किया जाएगा और जिला प्रशासन युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी का जायजा लेगी। उपायुक्त हेमंत सती ने इस संबंध में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की और आम लोगों से मॉक ड्रिल में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

******************

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित हुई। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल हुए। रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करती है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी एकता तोड़ने के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेज देती है। वहीं पहलगाम हमले को लेकर उन्होंनें केंद्र की खुफिया एजेंसी को नाकाम बताया।

******************

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बीजेपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि 42वें संशोधन के जरिये कांग्रेस ने संविधान का स्वरूप ही बदल दिया। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस ने सुरक्षा एजेंसियों पर ही सवाल खड़ा कर दिया लेकिन याद रखना चाहिए कि सबसे बड़ा देश का इंटेलिजेंस फेलियर तब था जब इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी।

******************

राज्य के सभी पुराने और जर्जर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का कायाकल्प किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रिम्स समेत सभी मेडिकल कॉलेजों और सिविल सर्जनों को तीन दिनों के अंदर कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस के तहत 'कंडम' घोषित भवनों को ध्वस्त किया जाएगा, जबकि मरम्मत

योग्य भवनों की मरम्मती कराई जाएगी। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निरीक्षण कर रिपोर्ट विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने 1997 के अलकतरा घोटाले में दोषी ठहराए गए बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन और अन्य चार अभियुक्तों की प्रोविजनल बेल (अस्थायी जमानत) को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने इन सभी को रांची की सीबीआई विशेष अदालत से मिली जमानत को बरकरार रखते हुए जुर्माना की राशि में से 50–50 हजार रुपये जमा करने का आदेश दिया है। साथ ही, इनकी अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) मांगा है।

गौरतलब है कि अलकतरा घोटाला 1997 में हुआ था, जिसमें 510 मीट्रिक टन अलकतरे की आपूर्ति कागजों पर ही कर दी गई थी, जबकि वास्तविकता में आपूर्ति नहीं की गई थी। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे।

******************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 की धारा–10 के तहत दो कुलपतियों की नियुक्ति की है। रांची विश्वविद्यालय की प्रोफेसर कुनुल कंडिर को सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की कुलपति नियुक्त किया गया है। वहीं इग्नू नई दिल्ली में शिक्षा संकाय के प्रोफेसर एवं निदेशक चंद्र भूषण शर्मा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का कुलपति बनाया गया है।

******************

पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल में 80 एकड़ भूमि पर ग्रास लैंड तैयार किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

लातेहार पुलिस ने महुआड़ांड़ में 30 अप्रैल को हुई मुंशी अयूब खान की हत्या और मशीनों में आगजनी की घटना का खुलासा किया। पुलिस ने भाकपा माओवादी के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। माओवादियों ने ठेकेदार से लेवी वसूलने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से 52 हजार रुपये, धमकी देने वाला पर्चा और घटना में इस्तेमाल मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर गठित जांच टीम ने यह कार्रवाई की गई।

******************

साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में जामताड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के जंगल से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 15 मोबाइल, 19 सिम कार्ड और एक एटीएम कार्ड बरामद किया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

*******समाप्त********